# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 26.12.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 26.12.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्र प्रद्युम्न दूबे ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर इतिहास रच दिया।**

विकास भवन, गोरखपुर में आयोजित इस भव्य समारोह में प्रद्युम्न को पुरस्कार स्वरूप 10,000 रुपये की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा संचालित की गई थी, जिसमें विभिन्न जनपदों के होनहार छात्रों ने भाग लिया। प्रद्युम्न दूबे की उत्कृष्ट अभिव्यक्ति कौशल एवं अटल जी के जीवन दर्शन पर आधारित प्रभावशाली भाषण ने निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके इस उपलब्धि से कॉलेज प्रबंधन एवं छात्र गौरवान्वित है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा, गोरखपुर ग्रामीण विधायक श्री विपिन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री शाश्वत त्रिपुरारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अमरकांत सिंह, प्राचार्य, दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज डॉ. ओम प्रकाश सिंह तथा जिला विकास अधिकारी गोरखपुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**महापौर डॉ. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में प्रद्युम्न की सराहना करते हुए कहा कि** युवाओं में अटल जी जैसे नेतृत्व की भावना जगाना आज के दौर की आवश्यकता है।

**जिलाधिकारी श्री मीणा ने भी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि** ऐसी प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम हैं।

**दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि प्रद्युम्न जैसे छात्र कॉलेज की शान बढ़ा रहे हैं।** उन्होंने छात्र–छात्राओं से आह्वान किया कि वे अटल जी के कदमों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इस उपलब्धि पर कॉलेज परिवार ने प्रद्युम्न को बधाई दी तथा भविष्य में और अधिक सफलताओं की कामना की।

**डॉ .शैलेश कुमार सिंह**
**मीडिया प्रभारी**